रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/98 REGD. NO. D.L.-33004/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 130] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 20, 1998/चैत्र 30, 1920
No.130] NEW DELHI, MONDAY, APRIL 20, 1998/CHAITRA 30, 1920

जल भूतल परिवहन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 1998

सा. का. नि. 191 (अ).— केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 87, धारा 98, धारा 457 और धारा 458 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

अध्याय 1

साधारण उपबंध

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वाणिज्य पोत परिवहन (सीफेयरर प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक) नियम, 1998 है।

(2) ये नियम 1 अगस्त, 1998 से प्रवृत्त होंगे।

2. **लागू होना**— ये नियम निम्नलिखित को लागू होंगे,

(क) कोई अभ्यर्थी, जो भारत का नागरिक है, और

(ख) कोई अन्य अभ्यर्थी, जो भारत का नागरिक नहीं है और जो संबद्ध मुख्य परीक्षक द्वारा इन नियमों के अधीन परीक्षण, निर्धारण और प्रमाणित किए जाने के लिए अनुज्ञात किया गया है।

3. **उद्देश्य** – इन नियमों का उद्देश्य अन्तरराष्ट्रीय समुद्री संगठन, लंदन द्वारा अंगीकृत, 7 जुलाई, 1995 को यथासंशोधित सीफेयररों के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी के मानक संबंधी अन्तरराष्ट्रीय अभिसमय के उपबंधों को पूर्ण रूप से क्रियान्वित करना है।

4. **परिभाषा** – (I) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो–

(क) "अधिनियम" से वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) अभिप्रेत है;

(ख) " समुचित प्रमाणपत्र" से इन नियमों के उपबंधों के अनुसार जारी और पृष्ठांकित तथा उसके विधिपूर्ण धारक को, उस किस्म, टन-भार या शक्ति और नोदन माध्यम के पोत पर जब यह संबंधित विशिष्ट समुद्रयात्रा पर लगा हो, और जो उसमें पृष्ठांकन द्वारा उपदर्शित हो, उसमें विनिर्दिष्ट स्तर के उत्तरदायित्व में अंतर्वलित क्षमता में सेवा करने तथा कृत्यों का पालन करने के लिए हकदार बनाने वाला प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(ग) " अनुमोदित" से केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित अभिप्रेत है;

(घ) " प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम" से सीफेयररों के प्रशिक्षण और निर्धारण का ऐसा

प्रोग्राम अभिप्रेत है, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित हो;

(ङ) "निर्धारण केन्द्र" से अभ्यर्थियों के निर्धारण के लिए और निर्धारण के प्रयोजन के लिए अभिलेखों के रखरखाव के लिए उत्तरदायी नौवहन महानिदेशक द्वारा अभिहित केन्द्र अभिप्रेत है।

(च) "सक्षमता प्रमाणपत्र" से नियम 5 के प्रयोजनों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी किया गया समुचित प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(छ) "मुख्य परीक्षक" से, यथास्थिति, मास्टर और डेक विभाग कार्मिकों का मुख्य परीक्षक या इंजन विभाग कार्मिकों का मुख्य परीक्षक अभिप्रेत है;

(ज) "कंपनी" से पोत का स्वामी या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति, जैसे कि प्रबंधक अथवा बेयरबोट चार्टरर अभिप्रेत है, जिसने पोत के स्वामी से पोत परिचालन की जिम्मेदारी ग्रहण कर ली है और जिसने ऐसी जिम्मेदारी ग्रहण करने के उपरान्त प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय द्वारा सौंपे गए सभी कर्त्तव्य और जिम्मेदारियां वहन करने का करार किया है,

(झ) "परीक्षक" से अधिनियम की धारा 79 के अधीन नियुक्त, यथास्थिति, प्रधान अधिकारी (नौटिकल), उप नौ-सलाहकार, नौ-सर्वेक्षक या प्रधान अधिकारी इंजीनियरी, उप मुख्य सर्वेक्षक, इंजीनियर और पोत सर्वेक्षक अभिप्रेत है;

(अ) "प्ररूप" से इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है;

(ट) "माह" से ब्रिटिश कलेंडर के अनुसार संगणित माह अभिप्रेत है। किसी माह के किसी निश्चित दिन और आगामी माह के पूर्ववर्ती दिन के बीच के समय को (दोनों दिनों को सम्मिलित करते हुए) एक माह गिना जाएगा;

(ठ) "तट समीपीय यात्राओं" से तटीय व्यापार अथवा बंगलादेश, भारत, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका में किसी पत्तन या स्थान से इन देशों में किसी अन्य पत्तन या स्थान तक समुद्रयात्रा, जिसके अंतर्गत ऐसी यात्राओं में सुरक्षित प्राकृतिक पत्तन का सामीप्य आता है, अभिप्रेत है;

(ड) "प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय" से 7 जुलाई, 1995 को यथासंशोधित सीफेयररों के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन ओर निगरानी मानक संबंधी अंतरराष्ट्रीय अभिसमय, 1978 अभिप्रेत है;

(ढ) "प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता" से प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय के पक्षकारों के 1995 के सम्मेलन द्वारा अंगीकृत सीफेयररों के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता अभिप्रेत है;

(ण) "वर्ष" से ब्रिटिश कलेंडर के अनुसार संगणित वर्ष अभिप्रेत है।

2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं, और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं वही अर्थ होंगे, जो उसमें हैं।

5. **सक्षमता प्रमाण पत्र जारी करना** – (1) निम्नलिखित ग्रेडों के लिए सक्षमता प्रमाणपत्र जारी किया जा सकेगा, अर्थात्:–

(I) विदेशगामी पोत का द्वितीय मेट;

(II) विदेशगामी पोत का प्रथम मेट;

(III) विदेशगामी पोत का मास्टर;

(IV) एक्स्ट्रा मास्टर;

(V) नौचालन निगरानी अधिकारी;

(VI) देशी व्यापार पोत का मेट;

(VII) देशी व्यापार पोत का मास्टर;

(VIII) समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी 4;

(IX) समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी 3;

(X) समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी 2;

(XI) समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी 1;

(XII) एक्स्ट्रा प्रथम श्रेणी इंजीनियर;

6. **प्रशिक्षण तथा निर्धारण** – (1) संबद्ध मुख्य परीक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि सीफेयरर के रूप में प्रमाणन के लिए अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण और निर्धारण का प्रशासन, पर्यवेक्षण तथा मानीटरन, अधिनियम, इन नियमों और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के उपबंधों के अनुसार किया जाता है और वे व्यक्ति जो प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के अधीन अपेक्षित प्रशिक्षण देने और निर्धारण करने के लिए उत्तरदायी हैं, अधिनियम, इन नियमों और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के उपबंधों के अनुसार किस्म और स्तर का प्रशिक्षण तथा सक्षमता का निर्धारण करने के लिए समुचित रूप से अर्हित हैं।

7. **क्वालिटी मानक**– (1) संबद्ध मुख्य परीक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि उसके प्राधिकार के अधीन सभी प्रशिक्षण, सक्षमता का निर्धारण, प्रमाणन, पृष्ठांकन और पुनः वैधीकरण क्रियाकलापों का निरंतर मानीटरन, क्वालिटी मानक पद्धति के माध्यम से, जिसके अंतर्गत इंस्ट्रक्टरों और असेसरों की अर्हताएं और अनुभव हैं, किया जा रहा है।

8. **चिकित्सक दृष्टया योग्यता मानक** – (1) सीफेयरर के रूप में प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी संबद्ध मुख्य परीक्षक को निम्नलिखित दस्तावेजों के संतोषजनक सबूत प्रस्तुत करेगा, अर्थात्:–

(क) विधिमान्य पासपोर्ट;

(ख) जन्म की तारीख दर्शाने वाला प्रमाण पत्र; और

(ग) वाणिज्य पोत परिवहन (चिकित्सीय परीक्षा) नियम, 1986 में यथाविहित स्वस्थता का चिकित्सीय प्रमाण पत्र, जिसके अंतर्गत नेत्र दृष्टि और श्रवण आता है।

(2) अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सक दृष्टया योग्यता मानक वही होंगे, जो वाणिज्य पोत परिवहन (चिकित्सीय परीक्षा) नियम, 1986 में दिए गए हैं।

9. **परीक्षा, निर्धारण, प्रमाणन और प्रमाणपत्रों का रजिस्ट्रीकरण** –

(1) नौवहन महानिदेशक कोई निर्धारण केन्द्र अभिहित करेगा।

(2) निर्धारण केन्द्र –

(क) सभी अभ्यर्थियों की समुद्रगामी सेवा, तट पर और पोत पर प्रशिक्षण में प्रगति, पाठ्यक्रम में उपस्थिति, और पूर्ण की गई परीक्षाएं और निर्धारण तथा सीफेयररों द्वारा धारित प्रमाण-पत्रों के संबंध में अभिलेख रखेगा;

(ख) तट पर और पोत पर प्रशिक्षण की प्रगति की कालिक विवरणियां प्राप्त करेगा तथा ऐसी विवरणियों को मानीटर भी करेगा;

(ग) इस बारे में दस्तावेजी साक्ष्यों की जांच करेगा कि अभ्यर्थी ने अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पात्रता मानदण्ड पूरे कर लिए हैं; और

(घ) प्रत्येक कृत्य के लिए अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम के पूरा करने पर लिखित, मौखिक तथा व्यावहारिक परीक्षा के संचालन और निर्धारण में यथास्थिति, संबद्ध मुख्य परीक्षक या परीक्षक की सहायता करेगा।

(3) प्रत्येक सीफेयरर, जब वह पोत पर किसी सुसंगत क्षमता में सेवा कर रहा हो तब इन नियमों में उपबंधित ऐसी सुरक्षित काम में लगाने वाली अपेक्षाओं के अनुसार, जो लागू हो, सभी समुचित मूल प्रमाण पत्र साथ रखेगा।

10. **प्रमाण पत्रों का पुनर्वैधीकरण और उन्नयन** – (1) प्रत्येक सीफेयरर, जो इन नियमों के प्रारंभ की तारीख से पूर्व अभिसमय, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार किसी समुचित प्रमाण पत्र का धारक है, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय की संक्रमणकालीन अवधि के दौरान, जो। फरवरी, 1997 से। फरवरी, 2002 है, (दोनों दिनों को सम्मिलित करते हुए) पुनर्वैधीकरण और उन्नयन के लिए आवेदन कर सकेगा। ऐसा अभ्यर्थी,–

(I) वाणिज्य पोत परिवहन (चिकित्सीय परीक्षा) नियम, 1986 और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता में विहित चिकित्सक दृष्टया योग्यता मानकों को पूरा करेगा;

(II) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-I/11 के अनुसार अनुमोदित पुनश्चर्या और अद्यतन पाठ्यक्रम को पूरा करेगा;

(III) किसी निर्धारण केन्द्र द्वारा संवीक्षा और निर्धारण किए जाने के अधीन होगा; और

(IV) उसको पूर्ववर्ती प्रमाणपत्र प्रत्याहृत किए जाने पर, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय की अपेक्षाओं की अनुपालना करने से संबंधित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

(2) समुचित प्रमाण पत्र धारण करने वाला प्रत्येक सीफेयरर, जो समुद्र में सेवा कर रहा है या जो तट पर किसी अवधि के पश्चात् सेवा के लिए समुद्र में वापसी का आशय रखता है, समुद्रगामी सेवा के लिए अर्हित बने रहने की दृष्टि से पांच वर्ष से अनधिक के अंतराल पर,–

(I) वाणिज्य पोत परिवहन (चिकित्सीय परीक्षा) नियम, 1986 और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता में विहित चिकित्सक दृष्टया योग्यता मानकों को पूरा करेगा;

(II) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-I/11 के अनुसार अनुमोदित पुनर्वैधीकरण पाठ्यक्रम में उपस्थित हो कर निरंतर व्यावसायिक सक्षमता सिद्ध करेगा;

(III) किसी निर्धारण केन्द्र द्वारा संवीक्षा और निर्धारण किए जाने के अधीन होगा; और

(IV) उसको पुनर्वैधीकरण के पृष्ठांकन के साथ अभ्यर्थी-प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

11. **भारतीय नौसेना अधिकारी** – वाणिज्य पोत परिवहन (मास्टर और मेट की परीक्षा) नियम, 1985 और वाणिज्य पोत परिवहन (वाणिज्यिक नौसेना में इंजीनियर अधिकारियों की परीक्षा) नियम, 1989 के प्रवृत्त होने से पूर्व जारी किए गए सेवा के विधिमान्य प्रमाण पत्रों का धारण करने वाले ऐसे प्रत्येक भारतीय नौसेना अधिकारी से, जो इन नियमों की अपेक्षाओं की अनुपालना करने वाला सक्षमता प्रमाण पत्र का धारक बनने का आशय रखता है, किसी सक्षमता प्रमाण पत्र के जारी किए जाने से पूर्व अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम को पूरा करने की अपेक्षा की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी का वर्तमान अनुभव, अर्हताएं और प्रमाण पत्र, अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम के अनुरूप वाणिज्य पोत समुद्रगामी सेवा की अर्हता का अवधारण करने का आधार होगा।

12. **कंपनी की जिम्मेदारियां** – (1) कंपनी, नीतियों और प्रक्रियाओं के लिए मास्टर को लिखित अनुदेशों की व्यवस्था करेगी और वह इन नियमों और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय के उपबंधों के अनुसार उसके पोतों में सेवा के लिए सीफेयररों के समनुदेशन के लिए जिम्मेदार होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि

(क) उसके किसी पोत पर समनुदेशित प्रत्येक सीफेयरर, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय के उपबंधों के अनुसार समुचित प्रमाण पत्र का धारण करता है;

(ख) उसके पोतों को, इन नियमों में यथा उपबंधित ऐसी सुरक्षित काम में लगाने वाली अपेक्षाओं के अनुरूप, जो लागू हों, काम में लगाया जाता है;

(ग) प्रलेखीकरण और आकड़े, जिसके अंतर्गत उसके पोतों पर नियोजित सभी सीफेयररों से सुसगत समनुदेशित कर्त्तव्यों में उनके अनुभव, प्रशिक्षण, चिकित्सक दृष्टया योग्यता और सक्षमता है, रखे जाते हैं तथा वे सभी संबंधितों की सुगमता से पहुंच में है;

(घ) सीफेयरर, उसका किसी पोत पर समनुदेशन किए जाने पर, वह उसके विशिष्ट कर्त्तव्यों और ऐसे इंतजामों, संस्थापनों, उपस्करों, प्रक्रियाओं और पोत लक्षणों से अवगत हैं, जो उसके नेमी या आकस्मिक कर्त्तव्यों से सुसंगत हैं;

(ङ०) किसी आपात स्थिति में और सुरक्षा या प्रदूषण के निवारण या न्यूनीकरण का महत्वपूर्ण कृत्य के करने में, पोत के पूरक उसके क्रियाकलापों को प्रभावी रूप से समन्वित कर सकते हैं; और

(च) पोत का मास्टर, जिसकी कमान में कोई व्यष्टिक सीफेयरर किसी विशिष्ट पोत पर चलता है, उसके कर्त्तव्यों और बाध्यताओं के बारे में कंपनी के प्रति उत्तरदायी होगा।

अध्याय-2
मास्टर और डेक विभाग

13. 500 या इससे अधिक सकल टन भार के पोत पर नौचालन निगरानी के भारसाधक अधिकारी (किसी विदेशगामी पोत का द्वितीय मेट) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाए :–

(1) 500 या इससे अधिक सकल टन भार के किसी समुद्रगामी पोत पर नौचालन निगरानी का सेवारत प्रत्येक भार साधक अधिकारी, प्ररूप। में समुचित सक्षगता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

(2) **प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी:–**

(I) आवेदन की प्राप्ति के लिए विहित की गई तारीख को 18 वर्ष की आयु से कम का नहीं होगा;

(II) जिसने किसी अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम के भाग रूप में एक वर्ष या अधिक की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो, जिसमें प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए–II/1 की अपेक्षाओं के अनुसार पोत पर प्रशिक्षण सम्मिलित है और निर्धारण के लिए किसी अनुमोदित प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तिका में प्रलेखित है या अन्यथा तीन वर्ष से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो;

(III) जिसने नियम 5 के अधीन डेक विभाग के किसी सक्षमता प्रमाण पत्र धारक मास्टर या किसी अधिकारी के पर्यवेक्षणाधीन अपेक्षित समुद्रगामी सेवा के दौरान छह मास से अन्यून की अवधि के लिए ब्रिज निगरानी कार्य किया हो;

(IV) रेडियो आपरेटर के रूप में, पदाभिहित रेडियो ड्यूटी निष्पादित करने के लिए, नियम 29 की अपेक्षाएं पूरी करता हो; और

(V) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा और निर्धारण पूरा किया हो तथा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-II/1 में विनिर्दिष्ट सक्षमता के मानक पूरा करता हो।

14.. 500 या इससे अधिक सकल टन भार के पोतों पर मुख्य मेट (किसी विदेशगामी पोत का प्रथम मेट) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं :-

(1) 500 या इससे अधिक के सकल टन भार वाले किसी समुद्रगामी पोत का प्रत्येक मुख्य मेट प्ररूप 2 में समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

(2) प्रमाणीकरण के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) विदेशगामी पोत के द्वितीय मेट (500 या अधिक के टनभार पोत पर नौचालननिगरानी के भारसाधक अधिकारी) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) ने अट्ठारह मास से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो; और

(III) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा तथा निर्धारण पूरा किया हो और मास्टर और मुख्य मेट के लिए 3000 सकल टनभार या अधिक के पोत पर प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-II/2 में विनिर्दिष्ट सक्षमता मानक पूरा करेगा।

15. 500 या अधिक सकल टन भार के पोत पर मास्टर (किसी विदेशगामी पोत का मास्टर) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

(1) 500 या अधिक सकल टन भार वाले समुद्रगामी पोत का प्रत्येक मास्टर प्ररूप 3 में समुचित सक्षमता प्रमाणपत्र धारण करेगा।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) विदेशगामी पोत का प्रथम मेट (500 या अधिक सकल टन भार वाले पोत का मुख्य मेट) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) ने 500 या अधिक सकल टन भार वाले पोत पर नौचालन निगरानी के भारसाधक अधिकारी के रूप में तीन वर्ष से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो। तथापि यदि अभ्यर्थी ने मुख्य मेट के रूपमें एक वर्ष से अन्यून की अवधि के लिए समुद्रगामी सेवा की है, तो संबद्ध प्रमुख परीक्षक द्वारा इस सेवा की अवधि को तीस मास या समानुपातिक अवधि से अन्यून की अवधि तक कम की जा सकेगी।

(III) ने कोई अनुमोदित पोत प्रबंध पाठ्यक्रम पूरा किया हो;

(IV) शिप-हेंडलिंग और कुशल कार्यसाधन में अनुमोदित सिमुलेटर प्रशिक्षण पूरा किया हो; और

(V) अनुमोदित परीक्षा और निर्धारण पूरा किया हो।

16. एक्स्ट्रा मास्टर के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं -

(1) एक्स्ट्रा मास्टर प्रमाण पत्र प्ररूप 4 में एक ऐच्छिक प्रमाण पत्र है और यह एक साक्ष्य है कि अभ्यर्थी ने वृत्तिक उत्कृष्टता के उच्चतर स्तर को प्राप्त कर लिया है।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) किसी विदेशगामी पोत पर मास्टर के रूप में (500 या अधिक के सकल टनभार के पोत पर मास्टर) सक्षमता प्रमाण पत्र का धारण करेगा;

(II) ने किसी अनुमोदित संस्था द्वारा संचालित कोई प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम पूरा किया हो; और

(III) अनुमोदित्त परीक्षा और निर्धारण पूरा किया हो।

(3) ऐसे प्रत्येक अभ्यर्थी को, जो इस नियम की अपेक्षाओं को पूरा करता है, एक्स्ट्रा मास्टर सक्षमता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। यह विदेशगामी पोत (सकल 500 टनभार या अधिक के पोत पर मास्टर) के मास्टर के रूप में किसी सक्षमता प्रमाण पत्र के अतिरिक्त जारी किया जाएगा जो अभ्यर्थी द्वारा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय के विनियमन II/2 और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-II/2 के अनुसार धारण किया गया हो।

17. तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालित किए जा रहे 500 या अधिक सकल टन भार के पोत पर नौचालन निगरानी (नौचालन निगरानी अधिकारी) के भारसाधक अधिकारी के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

(1) तट समीपीय जलयात्रा में प्रचालन किए जा रहे 500 और 3000 सकल टनभार के बीच के किसी समुद्रगामी पोत पर सेवा कर रहे किसी नौचालन निगरानी के भारसाधक प्रत्येक अधिकारी, प्ररूप 5 में एक समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) आवेदन की प्राप्ति के लिए विहित की गई अंतिम तारीख को 18 वर्ष की आयु से कम का न होगा;

(II) जिसने किसी अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम के भागरूप में अट्ठारह मास से अन्यून की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो, जिसमें पोत पर प्रशिक्षण सम्मिलित है और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-II/2 में यथा अंतर्विष्ट और तट समीपीय जलयात्रा में लगे हुए पोतों को यथा लागू प्रमाणन के लिए सक्षमता सारणियों की अपेक्षाओं को पूरा करता हो और किसी अनुमोदित प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तिका में प्रलेखित रूप में हो या अन्यथा तीन वर्ष से अन्यून की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो। ऐसा कोई अभ्यर्थी जिसने 500 सकल टनभार से कम के किसी पोत पर अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो, दावा की गई वास्तविक समुद्रगामी सेवा के दो तिहाई पर निर्धारित किया जाएगा,

(III) जिसने नियम 5 के अधीन डेक विभाग के किसी सक्षमता प्रमाण पत्र धारक मास्टर या किसी अधिकारी के पर्यवेक्षणाधीन अपेक्षित समुद्रगामी सेवा के दौरान छः मास से अन्यून की अवधि के लिए ब्रिज निगरानी कार्य किया हो;

(IV) पदाभिहित रेडियो ड्यूटी निष्पादित करने के लिए नियम 29 की अपेक्षाओं को पूरा किया हो; और

(V) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा और निर्धारण पूरा किया है और अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम में यथाविनिर्दिष्ट सक्षमता के लिए मानक को पूरा करता है।

18. 500 और 3000 के बीच सकल टन भार वाले ऐसे पोत पर, जो तट समीपीय जलयात्रा में प्रचालित किया जा रहा है, मुख्य मेट (किसी देशी व्यापार पोत के मेट) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

(1) 500 और 3000 के बीच सकल टन भार वाले समुद्रगामी पोत का प्रत्येक मुख्य मेट, जो तट समीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहा है, प्ररूप 6 में समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) जो तट समीपीय जलयात्रा पर 500 या उससे अधिक सकल टन भार के पोत पर किसी नौचालन निगरानी के भारसाधक नौचालन निगरानी अधिकारी के रूप में समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करता हो।

(II) जिसकी अट्ठारह मास से अन्यून की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा हो; और

(III) जो अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा और निर्धारण पूरा किया हो और 500 और 3000 सकल टन भार के बीच के पोत पर मास्टर, मुख्य मेट के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-II/2 में यथाविनिर्दिष्ट सक्षमता के मानक को पूरा करता हो।

19. 500 और 3000 के बीच के सकल टन भार के पोत पर जो तट समीपीय जल यात्रा में प्रचालित किया जा रहा है, के मास्टर (किसी देशी व्यापार पोत के मास्टर) के प्रमाणन के लिए अपेक्षाएं-

(1) तट समीपीय जल यात्रा में प्रचालित किए जा रहे 500 और 3000 के बीच के सकल टन भार वाले समुद्रगामी पोत पर प्रत्येक मास्टर, प्ररूप 7 में समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) तट समीपीय जल यात्रा में 500 और 3000 के बीच सकल टन भार वाले पोत पर किसी देशी व्यापार पोत के मेट (मुख्य मेट) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) 500 या अधिक सकल टन भार वाले पोत पर जो तट समीपीय जल यात्रा में प्रचालित किया जा रहा है, के किसी भारसाधक नौचालन निगरानी अधिकारी के रूप में तीन वर्ष से अन्यून की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो। तथापि इस अवधि को सम्बद्ध प्रमुख परीक्षक द्वारा तीस मास से अन्यून या समानुपाती अवधि के लिए घटाया जा सकेगा यदि 500 या 3000 के बीच सकल टन भार वाले पोत पर, जो तट समीपीय जल यात्रा में प्रचालित किया जा रहा है, मुख्य मेट के रूप में एक वर्ष से अन्यून की सेवा की हो।

(III) कोई अनुमोदित पोत प्रबंध पाठ्यक्रम पूरा किया ।

(IV) शिप हैंडलिंग और कुशल कार्यसाधन में अनुमोदित सिमुलेटर प्रशिक्षण पूरा किया हो या तटसमीपीय जलयात्रा पर मुख्य मेट के रूप में अनुमोदित नब्बे दिन की समुद्रगामी सेवा पूरी की हो; और

(V) अनुमोदित परीक्षा और निर्धारण पूरा किया हो।

20. नौचालन निगरानी के भाग रूप में रेटिंग के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं –

(1) ऐसे प्रत्येक रेटिंग को, जो 500 या अधिक के सकल टन भार के समुद्रगामी पोत पर नौचालन निगरानी का एक भाग है, उस रेटिंग से भिन्न जो प्रशिक्षण के अधीन है और ऐसे रेटिंग जिसके कर्त्तव्य जब वह निगरानी पर हो किसी अकुशल प्रकृति के हैं, सम्बद्ध मुख्य परीक्षक द्वारा ऐसे कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए सम्यक् रूप से प्रमाणित किया जाएगा।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) आवेदन प्राप्ति के लिए नियत की गई अंतिम तारीख को 18 वर्ष से कम की आयु का नहीं होगा;

(II) जिसने –

(क) नौ मास से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा पूरी की है; या

(ख) नब्बे दिन की अवधि के लिए अनुमोदित, पूर्व समुद्रगामी प्रशिक्षण या विशेष प्रशिक्षण और छः मास से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा पूरी की है; और

(III) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-II/4 में यथाविनिर्दिष्ट सक्षमता के मानक को पूरा किया है।

(3) उपनियम (2) के खंड (II) में यथापेक्षित समुद्रगामी सेवा, प्रशिक्षण और अनुभव नौचालन निगरानी कृत्यों से सहबद्ध होंगे और उसमें मास्टर या नौचालन निगरानी के भारसाधक अधिकारी के सीधे पर्यवेक्षण में पोत पर निष्पादित किए गए कर्त्तव्य भी या कोई प्रमाणित रेटिंग जो अनुमोदित रेटिंग प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तिका में सम्यक् रूप से प्रलेखित है, अंतर्वलित होंगे।

(4) ऐसा रेटिंग जिसने एक अगस्त, 1998 से पूर्ववर्ती अंतिम 5 वर्षों के भीतर एक वर्ष से अन्यून की अवधि के लिए डेक विभाग में सुसंगत हैसियत में सेवा की है, निर्धारण केन्द्र द्वारा निर्धारण के लिए पात्र होगा।

अध्याय -3
इंजन विभाग

21. मानव सहित इंजन कक्ष में इंजीनियरी निगरानी का प्रभारी अधिकारी के या आवधिक रूप से मानवरहित इंजन कक्ष में (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-4) अभिहित ड्यूटी इंजीनियर के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएः-

1. 750 किलोवाट नोदन शक्ति या अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी शक्ति युक्त समुद्रगामी पोत पर सेवा कर रहे इंजीनियरिंग निगरानी के प्रत्येक प्रभारी अधिकारी, प्ररूप 8 में समुचित दक्षता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) आवेदन की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तारीख को 18 वर्ष की आयु से कम का न होगा;

(II) अनुमोदित प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तिका में प्रलेखित पोत पर प्रशिक्षण सहित अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम में यथा उपबंधित रूप से कम से कम तीस मास की अवधि के लिए अनुमोदित शिक्षा एवं प्रशिक्षण पूर्ण कर चुका हो और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/1 में यथाविनिर्दिष्ट दक्षता मानकों को पूरा करेगा।

(III) ऐसे समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-I या इंजन विभाग के किसी अधिकारी के ध्यान पूर्ण पर्यवेक्षण और मानीटरन में, जो नियम 5 के अधीन सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करता हो और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/1 के अनुसार अनुमोदित प्रशिक्षण पुस्तिका में सम्यक रूप से प्रलेखित हो, 750 किलोवाट नोदन शक्ति या अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी शक्ति युक्त समुद्रगामी पोत के इंजन विभाग में छह मास से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा पूरी कर चुका हो।

(IV) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, निर्धारण पूरा कर चुका हो और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/1 में यथाविनिर्दिष्ट सक्षमता मानक को पूरा करता हो।

22. 3000 किलोवाट की नोदन शक्ति या अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी युक्त पोतों पर द्वितीय इंजीनियर अधिकारियों (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी 2) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं :-

(1) 3000 किलोवाट नोदन शक्ति या इससे अधिक मुख्य नोदन मशीनरी युक्त समुद्रगामी पोत पर प्रत्येक द्वितीय इंजीनियर अधिकारी, प्ररूप 9 में समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

(2) प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी--

(I) समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-4 (इंजीनियरी निगरानी का प्रभारी अधिकारी) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) इंजीनियरी निगरानी के सहायक इंजीनियर अधिकारी या प्रभारी इंजीनियर अधिकारी के रूप में अनुमोदित समुद्रगामी सेवा में कम से कम एक वर्ष की सेवा कर चुका हों; और

(III) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा एवं निर्धारण पूर्ण कर चुका हो तथा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संहिता के खंड ए-III/2 में तथा विनिर्दिष्ट मानकों को पूरा करता हो।

23. 3000 किलोवाट नोदन शक्ति या अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी युक्त पोतों पर मुख्य इंजीनियर अधिकारी (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-1) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

1. 3000 किलोवाट नोदन शक्ति या इससे अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी वाले समुद्रगामी पोत पर प्रत्येक मुख्य इंजीनियर अधिकारी, प्ररूप 10 में समुचित सक्षमता का प्रमाण पत्र धारण करेगा।

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी –

(I) समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-2 (3000 किलोवाट नोदन शक्ति या इससे अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी युक्त पोत पर द्वितीय इंजीनियर अधिकारी) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) 3000 किलोवाट नोदन शक्ति या इससे अधिक शक्ति की मुख्य नोदन मशीनरी युक्त पोतों पर इंजीनियरिंग निगरानी के प्रभारी इंजीनियर अधिकारी के रूप में अनुमोदित समुद्रगामी सेवा के रूप में कम से कम अठारह मास की सेवा कर चुका हो;

(III) अनुमोदित इंजीनियरी प्रबंधन पाठ्यक्रम पूरा कर चुका हो;

(IV) अनुमोदित मशीनरी स्पेस सिमुलेटर, प्रशिक्षण पूरा कर चुका हो; और

(V) अनुमोदित परीक्षा और निर्धारण पूरा कर चुका हो।

24. एक्स्ट्रा प्रथम श्रेणी इंजीनियर के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

1. प्ररूप II में विशेष उच्च श्रेणी इंजीनियर दक्षता प्रमाण पत्र ऐच्छिक प्रमाण पत्र है और इस बात का साक्ष्य है कि प्रत्याशी ने व्यावसायिक गुणवत्ता में उच्चतर स्तर प्राप्त किया है।

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) 3000 किलोवाट नोदन शक्ति या इससे अधिक शक्ति के समुद्रगामी पोत के लिए मुख्य इंजीनियर अधिकारी (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-1) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) अनुमोदित संस्थान द्वारा संचालित अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम पूरा किया हो; और

(III) अनुमोदित परीक्षा और निर्धारण पूरा किया हो।

3. प्रत्येक अभ्यर्थी को जो इस नियम की अपेक्षाओं को पूरा करता है, एक्स्ट्रा प्रथम श्रेणी इंजीनियर सक्षमता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र अभ्यर्थी द्वारा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी अभिसमय के विनियमन ए-III/2 और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/2 के अनुसार 3000 किलोवाट नोदन शक्ति या अधिक के पोतों पर मुख्य इंजीनियर अधिकारी (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-1) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र के अतिरिक्त होगा।

25. तट समीपीय जलयात्राओं में प्रचालित 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट की नोदन शक्ति के बीच की मुख्य नोदन मशीनरी युक्त पोतों के मानव सहित इंजन कक्ष में प्रभारी इंजीनियरी निगरानी अधिकारी या आवधिक रूप से मानव रहित इंजन कक्ष के अभिहित ड्यूटी इंजीनियर के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-4 तट समीपीय जलयात्राएं)

1. तटसमीपीय जलयात्राओं में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट नोदन शक्ति के बीच के समुद्रगामी पोत पर सेवा कर रहे इंजीनियरी निगरानी के प्रत्येक प्रभारी अधिकारी, प्ररूप 12 में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा;

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) आवेदन की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तारीख को 18 वर्ष की आयु से कम का न होगा;

(II) तीस मास की अवधि के लिए अनुमोदित प्रशिक्षण और निर्धारण कार्यक्रम को पूर्ण कर चुका हो जिसमें किसी अनुमोदित प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तिका में सम्यक रूप से प्रलेखित पोत पर प्रशिक्षण है और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/1, जो कि तटसमीपीय जलयात्रा में लगे हुए पोतों पर लागू होती है; में विनिर्दिष्ट सक्षमता मानकों का पूरा करता हो;

III. प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/1, जो कि तटसमीपीय जलयात्रा में लगे हुए पोतो पर लागू होता है, में यथाविनिर्दिष्ट अनुमोदित प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तिका में सम्यक रूप से प्रलेखित और 750 किलोवाट या अधिक की मुख्य नोदन मशीनरी की शक्ति वाले पोतों पर समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-3 द्वारा ध्यान पूर्णक पर्यवेक्षित और मानीटर किए गए इंजन विभाग में कम से कम छह मास की अवधि की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा पूर्ण कर चुका हो; और

(IV) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा और निर्धारण पूरा कर चुका हो तथा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/1, जो कि तटसमीपीय जलयात्रा में लगे हुए पोतों पर लागू होता है, में यथा विनिर्दिष्ट सक्षमता मानकों का पूर्ण करता हो।

26. तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट तथा 3000 किलोवाट नोदन शक्ति के बीच की मुख्य नोदन मशीनरी की शक्ति वाले पोतों पर द्वितीय इंजीनियर अधिकारी (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-3) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

1. तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट नोदन शक्ति के मध्य की मुख्य नोदन मशीनरी के शक्तिवाले समुद्रगामी पोत पर प्रत्येक द्वितीय इंजीनियर अधिकारी, प्ररूप 13 में समुचित सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करेगा।

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को--

(I) तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट नोदन शक्ति के मध्य की मुख्य नोदन मशीनरी के पोत पर इंजीनियरिंग निगरानी के प्रभारी अधिकारी (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-4 तटसमीपीय जलयात्रा) के रूप में प्रमाणपत्र धारण करेगा;

(II) सहायक इंजीनियर अधिकारी या इंजीनियरिंग निगरानी के भारसाधक इंजीनियर अधिकारी के रूप में कम से कम एक वर्ष की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा की हो; और

(III) अनुमोदित शिक्षा, प्रशिक्षण, परीक्षा, निर्धारण पूरा किया हो तथा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/2, जो कि तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे पोतों पर लागू है, में विनिर्दिष्ट सक्षमता मानकों को पूरा करना होगा।

27. तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट नोदन शक्ति के बीच की मुख्य नोदन मशीनरी की शक्ति वाले पोतों पर मुख्य इंजीनियर अधिकारी (समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-3 मुख्य इंजीनियर अधिकारी-तटसमीपीय जलयात्रा) के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षताएं-

1. तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट नोदन शक्ति के मध्य की मुख्य नोदन मशीनरी की शाक्ति वाले समुद्रगामी पोत पर प्रत्येक मुख्य इंजीनियर अधिकारी को, समुचित सक्षमता प्रमाणपत्र धारण करना होगा।

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) तटसमीपीय जलयात्रा में प्रचालन कर रहे 750 किलोवाट और 3000 किलोवाट की नोदन शक्ति के बीच की मुख्य नोदन मशीनरी की शक्ति वाले समुद्रगामी पोत पर समुद्री इंजीनियर अधिकारी श्रेणी-3 (द्वितीय इंजीनियर अधिकारी – तटसमीपीय जलयात्रा) के रूप में सक्षमता प्रमाण पत्र धारण करना होगा;

(II) ऐसे पोतों पर इंजीनियरी निगरानी के भारसाधक अधिकारी के रूप में कम से कम एक वर्ष की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा पूर्ण कर चुका हो;

(III) अनुमोदित इंजीनियरी प्रबंधन पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुका हो;

(IV) अनुमोदित मशीनरी स्पेश सिमुलेटर प्रशिक्षण पूर्ण कर चुका हो; तथा

(V) अनुमोदित परीक्षा तथा निर्धारण पूर्ण कर चुका हो।

28 इंजन निगरानी कक्ष के भाग रूप रेटिंग के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं:-

1. किसी इंजन निगरानी कक्ष के भाग रूप प्रत्येक रेटिंग या ऐसे रेटिंग जो 750 किलोवाट नोदन शक्ति या इससे अधिक शक्ति की मुख्य नोदन मशीनरी की शक्ति वाले समुद्रगामी पोत पर आवधिक मानव रहित इंजन कक्ष में कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए अभिहित हैं, उन रेटिंगों से भिन्न जो, प्रशिक्षणाधीन हैं या वे जिनके कर्त्तव्य निगरानी के दौरान अकुशल प्रकृति के हैं, ऐसे कत्तव्यों का पालन के लिए संबद्ध मुख्य परीक्षक द्वारा सम्यक रूप से प्रमाण पत्रित किए जाएंगे।

2. प्रमाणन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) आवेदन की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तारीख को कम से कम 18 वर्ष की आयु से कम का न होगा ;

(II) (क) कम से कम नौ मास की अवधि के लिए अनुमोदित समद्रगामी सेवा की हो; या

(ख) नब्बे दिन की अवधि के लिए अनुमोदित पूर्व समुद्रगामी प्रशिक्षण या विशेष प्रशिक्षण और कम से कम छह मास की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा पूरी कर चुका हो; और

(III) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-III/9 में यथाविनिर्दिष्ट सक्षमता के मानकों को पूरा करता हो।

(3) उप नियम (2) के खंड (II) द्वारा समुद्रगामी सेवा, प्रशिक्षण तथा अनुभव संबंधी अपेक्षाएं इंजन कक्ष निगरानी कृत्यों के साथ सहयुक्त होंगी और इनमें मुख्य इंजीनियर या इंजीनियरी निगरानी के भारसाधक अधिकारी के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन पोत पर किए गए कर्त्तव्यों का पालन भी अंतर्वलित है या किसी अनुमोदित रेटिंग प्रशिक्षण अभिलेख पुस्तक में सम्यकतः प्रलेखित प्रमाणित रेटिंग शामिल होंगे।

4. ऐसा रेटिंग जो 1 अगस्त, 1998 से पूर्ववर्ती पांच वर्ष के भीतर कम से कम एक वर्ष की अवधि तक इंजन विभाग में सुसंगत हैसियत में सेवा कर चुका हो, निर्धारण केन्द्र द्वारा निर्धारण के लिए पात्र होगा।

अध्याय 4

रेडियो संचार और रेडियो कार्मिक

29. विश्व समुद्री संकट और सुरक्षा प्रणाली रेडियो कार्मिक के प्रमाणन के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं

(1) वाणिज्य पोत परिवहन (संकट और सुरक्षा रेड़ियो संचार) नियम, 1995 के उपबंधों के अतिरिक्त विश्व सामुद्रिक संकट और सुरक्षा प्रणाली में भाग लेने के लिए अपेक्षित किसी पोत का भारसाधक या रेडियो संबंधी कर्त्तव्यों की पालना करने वाला प्रत्येक व्यक्ति,–

(I) आवेदन की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तारीख को अट्ठारह वर्ष की आयु से कम का न होगा;

(II) अनुमोदित विश्व सामुद्रिक संकट और सुरक्षा प्रणाली साधारण प्रचालक पाठ्यक्रम में उपस्थित होगा और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-IV/2 में यथाविनिर्दिष्ट सक्षमता मानक को पूरा करेगा; और

(III) को अनुमोदित विश्व सामुद्रिक संकट और सुरक्षा प्रणाली साधारण प्रचालक पाठ्यक्रम के पूरा करने पर तथा प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए IV/2 में दिए गए कार्य, कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों का पालन करने की सक्षमता प्रदर्शित करने पर समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा और उस पर प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता द्वारा अपेक्षित आवश्यक पृष्ठांकन किया जाएगा।

अध्याय 5

कतिपय किस्मों के पोतों पर कार्मिकों के लिए विशेष प्रशिक्षण अपेक्षाए

30. टैंकरो पर मास्टरों, अधिकारियों और रेटिगों के लिए प्रशिक्षण और अर्हताओं की न्यूनतम अपेक्षाएं-

(1) ऐसे अधिकारी और रैटिंग, जिन्हें टैंकरों पर स्थोरा और स्थोरा उपस्कर से संबंधित विशिष्ट कर्त्तव्य और जिम्मेदारियां सोंपी गई हैं, अनुमोदित तट आधारित अग्निशमन पाठ्यक्रम पूरा करना होगा और निम्नलिखित बातों को पूरा करना होगा –

(क) सुरक्षित प्रचालन पद्धतियों की पर्याप्त जानकारी अर्जित करने की दृष्टि से टैंकरों पर अनुमोदित समुद्रगामी सेवा में कम से कम नब्बे दिन; या

(ख) टैंकर से सुपरिचित होने का अनुमोदित पाठ्यक्रम, जिसमें कम से कम प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/1 में उस पाठ्यक्रम के लिए दिए गए पाठ्यविवरण का समावेश होगा। पाठ्यक्रम के संतोषप्रद रूप से पूरा करने पर अभ्यर्थी को समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

(2) मास्टर, मुख्य इंजीनियर अधिकारी, मुख्य मेट, और द्वितीय इंजीनियर अधिकारी और ऐसा कोई व्यक्ति, जिसके ऊपर स्थोरा के लदाई, उतराई और अभिवहन या हथालने में सावधानी की आसन्न जिम्मेदारी है, उपनियम (1) की अपेक्षाएं पूरी करने के अतिरिक्त निम्नलिखित को भी पूरा करेगा :–

(क) उस किस्म के टैंकर पर, जिस पर वे सेवा करते हैं, उनके कर्त्तव्यों के अनुरूप कम से कम नब्बे दिन का अनुभव; और

(ख) कोई अनुमोदित विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें कम से कम प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/1 में दिए गए विषयों का समावेश हो और जो, ऐसे आयल टैंकर, रसायन टैंकर या द्रवीकृत गैंस टैंकर, जिन पर वे सेवा करते हैं, उनके कर्त्तव्यों के अनुरूप है। ऐसे प्रशिक्षण के संतोषप्रद रूप से पूरा करने पर अभ्यर्थी को समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

(3) ऐसे मास्टर और अधिकारी, जो उपनियम (2) के अनुसार अर्हित हैं, यथास्थिति, संबद्ध मुख्य परीक्षक या परीक्षक को अपना सक्षमता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे और आयल टैंकर, रसायन टैंकर या द्रवीकृत गैस टैंकर पर सेवा के लिए समुचित पृष्ठांकन प्राप्त करेंगे।

31. रो-रो यात्री पोतों पर मास्टरों, अधिकारियों, रेटिंगों और अन्य कार्मिकों के प्रशिक्षण और अर्हताओं के लिए न्यूनतम अपेक्षाए-

(1) रो-रो यात्री पोतों पर सेवा कर रहे मास्टरों, अधिकारियों और रेटिंगों को पोत पर कर्त्तव्य समनुदेशित किए जाने से पूर्व उनकी क्षमता, कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों के अनुसार सुसंगत प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(2) रो-रो यात्री पोतों पर आपात् स्थितियों में यात्रियों को सहायता करने के लिए मस्टर-सूची पर अभिहित मास्टरों, अधिकारियों और अन्य कार्मिक को प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/2, पैरा 1 में यथाविनिर्दिष्ट भीड़-प्रबंध में प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(3) रो-रो यात्री पोतों पर मास्टर, अधिकारी और अन्य कार्मिक, जिन्हें विशिष्ट कर्त्तव्य सौपे गए हैं प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/2, पैरा 2 में यथाविनिर्दिष्ट सुपरिचित होने का प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(4) रो-रो यात्री पोतों पर यात्री स्थानों में यात्रियों को प्रत्यक्ष सेवा देने वाले कार्मिकों को, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/2, पैरा 3 में यथाविनिर्दिष्ट सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(5) रो-रो यात्री पोतों पर मास्टरों, मुख्य मेटों, मुख्य इंजीनियर अधिकारियों, द्वितीय इंजीनियर अधिकारियों और ऐसे किसी व्यक्ति को, जिसे यात्रियों के पोतारोहण और उतारने, स्थोरा की लदाई, उतराई या प्राप्ति अथवा हल ओपनिंग के क्लोजिंग की आसन्न जिम्मेदारी सोंपी गई है, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/2, पैरा 4 में विनिर्दिष्ट यात्री सुरक्षा, स्थोरा सुरक्षा और हल इंटिग्रिटी में अनुमोदित प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(6) मास्टरों, मुख्य मेटों, मुख्य इंजीनियर अधिकारियों, द्वितीय इंजीनियर अधिकारियों और ऐसे किसी व्यक्ति को, जिस पर रो-रो यात्री पोत पर आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/2, पैरा 5 में विनिर्दिष्ट संकट स्थिति प्रबंध और मानव व्यवहार में अनुमोदित प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(7) रो-रो यात्री पोतों पर सेवा कर रहे मास्टरों, अधिकारियों, रेटिंगों और अन्य कार्मिकों को, भीड़-प्रबंधन, सुपरिचित होने, सुरक्षा, यात्री सुरक्षा, स्थोरा सुरक्षा और हल इंटिग्रिटी, संकट स्थिति प्रबंध और मानव व्यवहार में अनुमोदित सुसंगत प्रशिक्षण के समाधानप्रद रूप से पूरा करने पर, समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

(8) ऐसे मास्टरों, मुख्य मेटों, मुख्य इंजीनियर अधिकारियों और द्वितीय इंजीनियर अधिकारियों का जो इस नियम के अनुसार अर्हित हैं और समुचित प्रमाण पत्र के धारक हैं, यथास्थिति, संबंधित मुख्य परीक्षक या परीक्षक को उनके सक्षमता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे और रो-रो यात्री पोतों पर सेवा के लिए पृष्ठांकन प्राप्त करने होंगे।

(9) ऐसे सीफेयरर जिनसे उपनियम (2), (5) और (6) के अनुसार प्रशिक्षित होने की अपेक्षा है, पांच वर्ष से अनधिक के अंतराल पर समुचित पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

32. यात्री पोतों पर मास्टरों, अधिकारियों, रेटिंगों और अन्य कार्मिकों के प्रशिक्षण और अर्हताओं के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

(1) रो-रो यात्री पोतों से भिन्न यात्री पोतों पर सेवा कर रहे मास्टरों, अधिकारियों और रेटिंगों तथा अन्य कार्मिकों को, पोत संबंधी कर्त्तव्यों के सौपे जाने से पूर्व उनकी सक्षमता, कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों के अनुसार सुसंगत प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(2) यात्री पोतों पर आपात स्थिति में यात्रियों की सहायता करने के लिए मस्टर सूची पर अभिहित मास्टरों, अधिकारियों और अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/3, पैरा 1 में विनिर्दिष्ट भीड़-प्रबंधन में प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(3) यात्री पोतों पर ऐसे मास्टरों, अधिकारियों और अन्य कार्मिक को, जिन्हें विशिष्ट कर्त्तव्य और जिम्मेदारियां सौपी गई हैं, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/3, पैरा 2 में यथा विनिर्दिष्ट रूप से सुपरिचित होने का प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(4) यात्री पोतों पर यात्री स्थानों में यात्रियों को प्रत्यक्ष सेवा दे रहे कार्मिकों को, प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/3, पैरा 3 में विनिर्दिष्ट सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(5) ऐसे मास्टर, मुख्य मेट और प्रत्येक व्यक्ति, जिसे यात्रियों के पोतारोहण और उतारने के लिए आसन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है, को प्रशिक्षण, प्रमाणन, और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/3, पैरा 4 में विनिर्दिष्ट यात्री सुरक्षा में प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(6) ऐसे मास्टर, मुख्य मेट, मुख्य इंजीनियर अधिकारी, द्वितीय इंजीनियर अधिकारी, और कोई अन्य व्यक्ति, जिस पर यात्री पोतों पर आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, को प्रशिक्षण, प्रमाणन, और निगरानी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-V/3, पैरा 5 में विनिर्दिष्ट संकट स्थिति प्रबंध और मानव व्यवहार में अनुमोदित प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

(7) यात्री पोतों पर सेवा कर रहे मास्टरों, आधिकारियों, नाविकों, रेटिंगों और अन्य कार्मिकों को भीड़ प्रबंध,सुपरिचित होने, सुरक्षा, यात्री सुरक्षा, संकट स्थिति प्रबंध और मानव व्यवहार में अनुमोदित सुसंगत प्रशिक्षण के समाधानप्रद रूप से पूरा करने पर समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

(8) ऐसे मास्टरों, मुख्य मेटों, मुख्य इंजीनियर अधिकारियों, द्वितीय इंजीनियर अधिकारियों को, जो इस नियम के अनुसार अर्हित हैं और किसी समुचित प्रमाण पत्र के धारक हैं, यथास्थिति, संबंधित मुख्य परीक्षक या संबंधित परीक्षक को उनके सक्षमता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे और यात्री पोतों पर सेवा के लिए पृष्ठांकन प्राप्त करेंगे।

(9) ऐसे सीफेयरर, जिनसे उपनियम (2), (5) और (6) के अनुसार प्रशिक्षित होने की अपेक्षा है, पांच वर्ष से अनधिक के अंतराल पर समुचित पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

अध्याय 6

आपातकालीन, व्यवसायिक सुरक्षा, चिकित्सीय देखभाल, और जीवनरक्षक कृत्य

33. सुभिज्ञता, मूलभूत सुरक्षा, प्रशिक्षण और सभी समुद्री यात्रियों के लिए अनुदेश के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं :-

1. किसी समुद्रगामी पोत पर यात्रियों से भिन्न नियोजित या उसमें लगे सभी व्यक्ति, उन्हें पोत पर कर्त्तव्य सौपे जाने से पूर्व प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-VI/1 के पैरा एक के अनुसार अनुमोदित सुभिज्ञता प्रशिक्षण ओर अनुदेश प्राप्त करेंगे और उसमें यथा विनिर्दिष्ट समुचित सक्षमता मानक को पूरा करेंगे।

2. किसी पोत पर किसी हैसियत में नियोजित या लगे सीफेयरर जो उस पोत के सम्पूरक के भागरूप में कारबार करते हैं, और उन्हें सुरक्षा या प्रदूषण निवारण कर्त्तव्यों के रूप में उस पोत पर कर्तव्य सौंपे जाने से पूर्व, निम्नलिखित समुचित अनुमोदित मूलभूत प्रशिक्षण या अनुदेश दिलाए जाएंगे –

   (I) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए-VI/1 में दी गई कार्मिक उत्तरजीवी तकनीकें;

   (II) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए-VI/1-2 में दी गई अग्नि निवारण और अग्नि शमन;

   (III) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए1/1/1-3 में दी गई मूलभूत प्रथम चिकित्सीय सहायता; और

   (IV) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए-VI/1.4 में दी गई कार्मिक सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व।

3. प्रत्येक मूलभूत प्रशिक्षण को समाधानप्रद रूप में पूरा करने पर सीफेयरर को एक समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

34. जीवनरक्षक क्राफ्ट, बचाव नावों और तीव्र बचाव नावों में दक्षता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

1. जीवनरक्षक क्राफ्ट और तीव्र बचाव नावों से भिन्न नावों में दक्षता प्रमाण के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(क) आवेदन प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तारीख को 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होगा;

(ख) एक वर्ष से अन्यून की अनुमोदित समुद्रगामी सेवा करनी होगी या किसी अनुमोदित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उपस्थित होना होगा और छह मास से अन्यून की अवधि के लिए अनुमोदित समुद्रगामी सेवा करनी होगी;

(ग) किसी अनुमोदित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उपस्थित होना होगा और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता के खंड ए VI/2 के पैरा 1 से 4 में दी गई जीवनरक्षक क्राफ्ट तथा बचाव नाव के लिए दक्षता प्रमाण पत्र के मानक को पूरा करना होगा; और

(घ) अनुमोदित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को समाधानप्रद रूप में पूरा करने पर और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए-VI/2-1 में दिए गए कार्यो, कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए सक्षमता के संप्रदर्शन करने पर, कोई समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

2. तीव्र बचाव नावों में किसी दक्षता प्रमाण पत्र के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी–

(I) तीव्र बचाव नावों से भिन्न और जीवनरक्षक क्राफ्ट दक्षता में कोई प्रमाण पत्र धारण करेगा;

(II) अनुमोदित प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम में उपस्थित होगा;

(III) प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-VI/2, पैरा 5 से 8 में दी गई तीव्र बचाव नावों में दक्षता के प्रमाण पत्र की सक्षमता के मानक को पूरा करेगा; और

(IV) अनुमोदित प्रशिक्षत पाठ्यक्रम को पूरा करने पर और प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए-VI/2-2 में दिए गए कार्य कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों को सक्षमता से संप्रदर्शित करेगा, तब समुचित प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

35. उच्च अग्नि शमन में प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं-

1. अग्नि शमन संक्रियाओं का नियंत्रण करने के लिए पदाभिहित सीफेयरर सफलता पूर्वक अग्नि शमन के लिए तकनीकों में उच्च प्रशिक्षण पूरा करेगा, और संगठन युक्ति और नियंत्रण पर विशेष रूप से बल देते हुए प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता के खंड ए-VI/3 के उपबंधों के अनुसार नियंत्रण करेगा और उसमें विनिर्दिष्ट किए गए सक्षमता मानकों को पूरा करेगा।

2. प्रशिक्षण, प्रमाणन और निरागनी मानक संबंधी संहिता की सारणी ए-VI/3 में दिए गए कार्य, कर्त्तव्यों और दायित्वों को पूरा करने के लिए अग्नि शमन संप्रदर्शन सक्षमता के लिए तकनीकों में उच्च प्रशिक्षण प्राप्त करने पर एक संक्षिप्त प्रमाण पत्र सीफेयरर को जारी किया जाएगा।

36. चिकित्सीय प्रथम सहायता और चिकित्सीस देखभाल के संबंध में न्यूनतम अपेक्षाएं-

